सुपर कंप्यूटर बताएगा, कहां अटका है आपका बिजली कनेक्शन

- डोर स्टेप सर्विस को जोड़ा गया सुपर कंप्यूटर और विशालकाय सर्वर से
- फोन करके करके जैसे ही अपना रेफरेंस नंबर डालेंगे, सुपर कंप्यूटर बता देगा आपका आवेदन का स्टेटस

नई दिल्लीः 11 अप्रैल, 2013। अगर आपने बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन किया है और अभी तक अभी तक आपको कनेक्शन नहीं मिला है, तो परेशान होने की जरूरत नहीं। आपको न तो कहीं भाग–दौड़ करनी है, और न ही किसी से बात करने की जरूरत है। बीएसईएस के विशालकाय सर्वर से जुड़ा एक सुपर कंप्यूटर आपकी मदद करेगा। इस सुपर कंप्यूटर की मदद से आप घर बैठे पता लगा सकेंगे कि आपके कनेक्शन का आवेदन कहां अटका हुआ है, और बीएसईएस प्रतिनिधि आपसे कब तक संपर्क करेंगे।

दरअसल, बीआरपीएल और बीवाईपीएल ने अपने डोर स्टेप सर्विस को एक ताकतवर सर्वर से जोड़ दिया है। और, उस सर्वर को कॉल सेंटर से जोड़ दिया गया है। अगर आपको यह पता करना है कि आपके आवेदन का स्टेटस क्या है, तो आपको बीएसईएस के चौबीसों घंटे और सातों दिन काम करने वाले कॉल सेंटर नंबर पर एक फोन करना होगा, बस। लेकिन यहां किसी प्रतिनिधि से बात करने की जरूरत नहीं। कॉल करके, आप डीएसएस यानी डोर स्टेप सर्विस का विकल्प चुनें और अपने आवेदन का रेफरेंस नंबर एंटर करें। इतना करते ही आपकी फोन कॉल बीएसईएस के सर्वर से कनेक्ट हो जाएगी और वहां मौजूद सुपर कंप्यूटर आपको फोन पर बता देगा कि आपके कनेक्शन का स्टेटस क्या है।

यह पूरी प्रक्रिया ऑटोमैटिक होगी। कोई मानवीय हस्तक्षेप नहीं होगा। बीवाईपीएल उपभोक्ताओं के लिए कॉल सेंटर नंबर है– 399 99 808 और बीआरपीएल उपभोक्ताओं के लिए 399 99 707। ये नंबर सप्ताह के सातों दिन और चौबीसों घंटे काम करते हैं।

आवेदन का स्टेटस जानने की प्रक्रियाः

1. कॉल सेंटर नंबर पर फोन करें
2. भाषा का विकल्प चुनें
3. डीएसएस का विकल्प चुनें
4. अपना रेफरेंस नंबर डालें

डोर स्टेप सर्विसः कई सेवाओं के लिए घर बैठे आवेदन करना संभव

डोर स्टेप सर्विस यानी डीएसएस एक ऐसी सेवा है, जिसके माध्यम से बीएसईएस के 30 लाख उपभोक्ताओं को घर बैठे विभिन्न सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। ज्यादातर उपभोक्ताओं को अब बीएसईएस ऑफिसों में आने की जरूरत नहीं। अगर किसी को बिजली का कनेक्शन लेना हो, लोड बढ़वाना हो या घटाना हो, पते में बदलाव करवाना हो, कनेक्शन की श्रेणी यानी डोमेस्टिक/ कमर्शल में परिवर्तन करवाना हो – ये तमाम सुविधाएं अब उन्हें घर बैठे मिल सकती हैं।

बीआरपीएल उपभोक्ता 399 99 707 और बीवाईपीएल उपभोक्ता 399 99 808 पर फोन करें और डोर स्टेप सर्विस के तहत कई सेवाओं के लिए आवेदन कर सकते हैं। अनुरोध मिलने के बाद बीआरपीएल/ बीवाईपीएल प्रतिनिधि संबंधित उपभोक्ता को फोन करेंगे और किसी सुविधाजनक समय में ये प्रतिनिधि आवेदक के घर पहुंचेंगे। वहां वे फॉर्म भरने व अन्य व्यावसायिक औपचारिकताओं को पूरा करने में आवेदक की मदद करेंगे, और वहां से कागजात भी कलेक्ट करेंगे। उसके बाद, तय समय के अंदर उपभोक्ता का काम कर दिया जाएगा।